# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संदर्भ : सीक्रेसी/3604
दिनांक : 06.01.2021

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
एम0बी0बी0एस0 प्रथम प्रोफेशलन पाठ्यक्रम से सम्बन्धित समस्त मैडिकल कालेज्स,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः **एम0बी0बी0एस0 प्रथम प्रोफेशलन पाठ्यक्रम में नवीन प्रश्न-पत्र पैटर्न एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ विश्वविद्यालय द्वारा अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के परिप्रेक्ष्य में एम0सी0आई0 के Assessment Module for UG Medical Education - 2019 शीर्षक के अन्तर्गत पेज संख्या 18 के आलोक में विश्वविद्यालय विद्वत परिषद् द्वारा सत्र 2019-20 के एम0बी0बी0एस0 प्रथम प्रोफेशनल एवं क्रमशः आगे के प्रोफेशनलों में नवीन प्रश्न-पत्र पैटर्न तथा अन्य सम्बन्धित बिन्दुओं के अनुमोदन की प्रत्याशा में, निम्नलिखित तथ्य छात्रों के संज्ञानार्थ एवं अन्य बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना आपके स्तर से अपेक्षित है :-

01. केवल एम0बी0बी0एस0 प्रथम प्रोफेशनल के नवीन परीक्षार्थियों के लिए सभी छः प्रश्न-पत्रों में प्रश्न-पत्र पैटर्न के अन्तर्गत दो भाग होगें। प्रथम भाग वस्तुनिष्ठ प्रश्नों वाला (MCQ) तथा द्वितीय भाग लघु एवं विस्तृत उत्तरीय प्रश्नों वाला (SAQ and LAQ) होगा।

अ. प्रश्न-पत्र का प्रथम भाग (समय 15 मिनट) - प्रश्न-पत्र के इस भाग में परीक्षार्थियों को 20(बीस) प्रश्न बहु-विकल्पीय/वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को परीक्षा कक्ष में उपलब्ध कराई गई ओ0एम0आर0 आन्सर शीट पर उत्तर देने होगें इस भाग को हल करने के लिए परीक्षार्थियों को केवल 15 मिनट दिये जायेगें।

ब. प्रश्न-पत्र का द्वितीय भाग (समय 2 घंटे 45 मिनट) - लघु (SAQ) एव विस्तृत उत्तरीय (LAQ) प्रश्नों वाला होगा इस भाग को हल करने के लिए परीक्षार्थियों को एक उत्तर-पुस्तिका (Answer Book) परीक्षा कक्ष में पृथक से उपलब्ध कराई जायेगी, इस भाग के उत्तर लिखने के लिए परीक्षार्थियों को 2 घंटे 45 मिनट का समय दिया जायेगा।

02. प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु- इस संदर्भ में Award List as per CBME-2019 Curriculum National Medical Commissions द्वारा प्रेषित प्रति प्रत्येक मैडिकल कालेजों को विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभाग द्वारा प्रेषित की जा रही है।

03. कक्ष-निरीक्षक हेतु विशेष निर्देश :- सूच्य है कि एम0बी0बी0एस0 प्रथम प्रोफेशनल के नवीन प्रश्न-पत्र पैटर्न की परीक्षा में प्रत्येक परीक्षार्थी को वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए ओ0एम0आर0 आन्सर शीट एवं लघु तथा विस्तुत उत्तरीय प्रश्नों के लिए उत्तर पुस्तिका परीक्षा प्रारम्भ होने से पन्द्रह मिनट पहले उपलब्ध कराया जाना परीक्षा को सुगमता से संचालन हेतु समीचीन होगा, ताकि दोनों तहर की शीटस पर परीक्षार्थी समस्त प्रविष्टियाँ समय से ही पूर्ण कर सके, ओर दोनों तरह की शीटस प्रत्येक परीक्षार्थी निर्धारित समयावधि प्रथम भाग ओ0एम0आर0 15 मिनट के बाद एवं द्वितीय भाग की उत्तर पुस्तिका 2 घंटे 45 मिनट के उपरान्त कक्ष निरीक्षक को लौटाना सुनिश्चित कर सकें।

04. एम0बी0बी0एस0 प्रथम प्रोफेशनल के पुरातन परीक्षार्थियों एवं एम0डी0/एम0एस0 इत्यादि पाठ्यक्रमों की परीक्षा में विगत वर्षो से प्रचलित प्रश्न पत्र पैटर्न प्रभावी ही रहेगा। कक्ष निरीक्षक परीक्षा कक्ष में नवीन एवं पुरातन परीक्षार्थियों के प्रश्न-पत्रों के वितरण में विशेष सावधानी बरते।

परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

01. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी(विश्वविद्यालय भण्डार) उपर्युक्त बिन्दु 01 का अवलोकन कर ओ0एम0आर0 आन्सर शीटस एवं उत्तर पुस्तिकाओं को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।
03. प्रभारी(प्रोफेशनल सैल) बिन्दु 02 का अवलोकन कर प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजन से पूर्व Award List इत्यादि प्रत्येक मैडिकल कालेज को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।
04. प्रभारी विश्वविद्यालय वैबसाईट को छात्रहित में वि0वि0 वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

for Website
6.1.21

परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव